आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 07.01.2025
समय : 0705

<><><><><><><>

- उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने डिगलीपुर में गहरे पानी के बंदरगाह के विकास के लिए आई आई टी मद्रास, महासागर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा की गई प्रस्तुति की समीक्षा की।
- कर्नाटक में भी एच एम पी वायरस के दो मामले सामने आए हैं।
- प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत मत्स्य विभाग के मत्स्य प्रशिक्षण केन्द्र में मछली मूल्य संवर्धन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा।
- श्री विजयपुरम में कलकत्ता उच्च न्यायालय की सर्किट बेंच में अधिवक्ताओं के लिए दस वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष की सुविधा का उद्घाटन किया जाएगा।
- मरीना पार्क में स्वयं सहायता समूह नव वर्ष मेले का आयोजन किया गया—भारी संख्या में आम जनता ने भाग लिया।

<><><><><><><>

उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने मुख्य सचिव डॉ चंद्र भूषण कुमार, के साथ आई आई टी मद्रास, महासागर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा की गई प्रस्तुति की समीक्षा की, जिन्होंने डिगलीपुर के अटलांटा बे, में डीप वॉटर पोर्ट के विकास के लिए पूर्व अध्ययन किया। नई दिल्ली में तीन जनवरी को आयोजित सातवीं द्वीप विकास एजेंसी की बैठक में इस मुददे पर चर्चा की गई थी। इस संबंध में उपराज्यपाल ने समय पर इस परियोजना को तैयार करने का निर्देश जारी किया।

<><><><><><><>

चीन में् एच एम पी वायरस के फैलने की चिंताओं के बीच, कर्नाटक में भी एचएमपी वायरस के दो मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद—आईसीएमआर ने एचएमपीवी के इन दोनों मामलों का पता लगाया है। इसमें तीन महीने की एक बच्ची और आठ महीने का एक बच्चा वायरस से संक्रमित हुआ है। दोनों का इलाज चल रहा है। दोनों मरीजों में से किसी ने अंतर्राष्ट्रीय यात्रा नहीं की है।

इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने जानकारी दी है कि एचएमपीवी कोई नया वायरस नहीं है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि यह

वायरस हवा के जरिए फैलता है और सभी आयु वर्ग के लोगों को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि देश की स्वास्थ्य प्रणाली किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य चुनौती से निपटने के लिए तैयार है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड, हैदराबाद की वित्तीय सहायता के सहयोग से मत्स्य विभाग के मरीन हिल स्थित मत्स्य प्रशिक्षण केंद्र माह के अंत में "मछली मूल्य संवर्धन" पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस कार्यक्रम में मछली की कटाई, प्राथमिक प्रसंस्करण, अचार बनाना, सुखाना, और मछली सॉसेज बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मत्स्य विभाग योजना के माध्यम से व्यावसायिक गतिविधियों को शुरू करने के लिए प्रशिक्षणार्थियों को सहायता भी प्रदान करेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक मछुआरों, स्वयं सहायता समूहों, उद्यमियों, आदिवासी और बेरोजगार युवाओं से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक उम्मीदवार आवेदन के लिए निकटतम क्षेत्रीय मत्स्य कार्यालय या मत्स्य उप–केन्द्रों से संपर्क कर सकते हैं। निर्धारित प्रारूप में भरे हुए आवेदन पन्द्रह जनवरी तक नजदीकी मत्स्य कार्यालयों में जमा करने को कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए सभी कार्य दिवसों में मत्स्य प्रशिक्षण केंद्र से संपर्क किया जा सकता है। इस प्रशिक्षण के लिए कुल पच्चीस लाभार्थियों का चयन किया जाएगा।

<><><><><><><>

सांसद विष्णु पद रे की पत्नी अवकाश प्राप्त सहायक सचिव और राउंड बस्ती निवासी रूपा रे का आज सुबह साढ़े चार बजे जी.बी. पंत अस्पताल में निधन हो गया। वे इक्यासी वर्ष की थीं।

उधर मीठाखाड़ी पंचायत प्रधान मोहम्मद शफीक ने नमूनाघर निवासी अब्दुल मजीद के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका कल निधन हो गया। वे छियासठ वर्ष के थे। शव यात्रा आज दिन में ग्यारह बजे इनके निवास स्थान से आरंभ होगी।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में कलकत्ता उच्च न्यायालय की सर्किट बेंच में अधिवक्ताओं के लिए दस वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष की सुविधा का उद्‌घाटन किया जाएगा। नौ जनवरी को सुबह नौ बजकर पचपन मिनट पर कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश टी एस शिवगनानम वर्चुअल मोड पर इसका उद्‌घाटन करेंगे। इस अवसर पर द्वीपसमूह के प्रभारी न्यायाधीश न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य और अतिरिक्त प्रभारी न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजा बसु चौधरी उपस्थित रहेंगे।

<><><><><><><>

मरीना पार्क में स्वयं सहायता समूह नववर्ष मेले का आयोजन किया गया, जिसमें आम जनता और स्वयं सहायता समूहों ने भाग लिया। लगभग सौ स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने हस्तशिल्प, नारियल तेल, साबुन, विभिन्न फास्ट फूड और दक्षिण भारतीय व्यंजनों सहित स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम अंडमान निकोबार द्वीप समूह राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा ग्रामीण विकास विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया। मेले में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और अपनी आय बढ़ाने का अवसर प्राप्त हुआ। यह मेला स्वयं सहायता समूह को स्थानीय अर्थव्यवस्था में बढ़ोतरी के लिए अवसर प्रदान करता है।

<><><><><><><>

भारत सरकार के वित्तपोषण, सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्रालय की ओर से वरिष्ठ नागरिकों के लिए पैन इंडिया हेल्पलाइन एक चार पांच छः सात की शुरूआत की गई है। बुजुर्ग सहायता सेवा वी आई पी रोड स्थित डब्लू सी डी नियंत्रण कक्ष भवन में स्थित है। यह हेल्पलाइन वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित मुद्दों को हल करने, उनको सहायता और जानकारी प्रदान करने के लिए समर्पित है। इस हेल्पलाइन सेवा को समाज कल्याण निदेशालय के द्वारा लागू किया जा रहा है, जिसे अलंकित असाइन्मेंट लिमिटेड द्वारा राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संस्थान की मदद से चलाया जा रहा है। यह सुविधा सभी कार्य दिवसों में सुबह आठ बजे से रात्रि आठ बजे तक उपलब्ध रहेगी।

<><><><><><><>

द्वीप पर्यटन महोत्सव के सिलसिले में ननकौड़ी में क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सुंदरता और विविध परंपराओं को प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम में जहाजरानी निदेशक प्रवेश रंजन झा मुख्य अतिथि और क्षेत्र के सहायक आयुक्त आदित्य संगोत्रा सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में आईएनएस कारदीप और भारतीय तटरक्षक बल के कमांडिंग ऑफिसर के अलावा मुख्य आदिवासी कप्तान आयशा मजीद भी उपस्थित थे। इस उत्सव में स्थानीय समूहों और स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। सांस्कृतिक प्रदर्शनों के अलावा, प्रशासन के विभिन्न विभागों जैसे कृषि, पशु चिकित्सा, स्वास्थ्य, अग्निशमन सेवा और ग्रामीण विकास के स्टॉल प्रदर्शित किए गए। मुख्य अतिथि ने महोत्सव को भव्यता और भागीदारी के साथ आयोजित करने के लिए लोगों को बधाई दी। उन्होंने क्षेत्र के मुद्दों को सुलझाने में प्रशासन के सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर स्थानीय खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। अग्नि नृत्य, लाठी लड़ाई और बांस नृत्य जैसे

आदिवासी समुदायों की स्थानीय कला का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने कल प्रशासन के मुख्य सचिव से मुलाकात कर द्वीपसमूह के विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मुलाकात के दौरान सांसद ने डीपीसी और राज्य योजना बोर्ड की बैठकों का शीघ्र आयोजन, राष्ट्रीय राजमार्ग घोषणा के लिए बंदरगाह और बंदरगाहों को जोड़ने वाली सड़कों की पहचान, सीआरएफ फंड के तहत निर्माण के लिए प्राथमिकता वाली सड़कों, पुलों को अंतिम रूप देना, किसानों को डीएपी और यूरिया की आपूर्ति, बंदरगाह का तत्काल सर्वेक्षण और मरम्मत, पर्यटन विकास के लिए खाली शहरी भूमि का उपयोग और भूमि रूपांतरण मुद्दे शामिल थे। मुख्य सचिव ने सांसद को आश्वासन देते हुए कहा कि ये मामले प्रशासन द्वारा सक्रिय रूप से विचाराधीन हैं और उन्हें शीघ्रता से हल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

<><><><><><><>